878. इन्दिरा गाँधी नहर की चौधरी कुम्भाराम लिफ्ट से राजस्थान के कौन-से जिले लाभान्वित है-

(a) हनुमानगढ़ एवं चूरू
(b) गंगानगर एवं बीकानेर
(c) सीकर एवं झुन्झुनँ
(d) जोधपुर एवं नागौर

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

879. इन्दिरा गाँधी नहर मार्च, 2014 तक राजस्थान के कितने भाग में सिंचाई क्षमता अर्जित कर चुकी है-

(a) 16 लाख हेक्टेयर (b) 19 लाख हेक्टेयर
(c) 20 लाख हेक्टेयर (d) 22 लाख हेक्टेयर

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (a) इन्दिरा गाँधी नहर मार्च, 2014 तक राजस्थान के 16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र से अधिक की सिंचाई क्षमता अर्जित कर चुकी है। यह नहर राजस्थान के 'थार मरूस्थल की जीवन रेखा' कही जाती है। इंदिरा गांधी नहर से लाभान्वित जिले गंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, बाड़मेर, जैसलमेर, चुरू, नागौर एवं जोधपुर हैं।

880. राजस्थान में इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना की चरम सिंचाई क्षमता कितनी है-

(a) 14.10 लाख हेक्टेयर
(b) 15.17 लाख हेक्टेयर
(c) 16.10 लाख हेक्टेयर
(d) 19.63 लाख हेक्टेयर

Live Stock Assistant (Tsp Area)- 16.10.2016

Ans. (d) राजस्थान में इंदिरा गांधी नहर परियोजना की चरम सिंचाई क्षमता 19.63 लाख हेक्टेयर लगभग है, लेकिन पानी की कम उपलब्धता को देखते हुए 16.17 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र की सिंचाई की जा रही है।

881. निम्न में से किस स्थल पर इंदिरा गांधी नहर परियोजना से पेयजल नहीं पहुंचाया जाता है?

(a) बीकानेर (b) जोधपुर
(c) पाली (d) बाड़मेर

कनिष्क अभियन्ता (यांत्रिक) 13.12.2020, Code-80

Ans. (c) इंदिरा गांधी नहर से पेयजल की आपूर्ति राजस्थान के बीकानेर, जोधपुर, श्री गंगानगर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, जोधपुर, चूरु, नागौर और बाड़मेर जिलों में की जा रही है।

882. इन्दिरा गाँधी नहर की शाखाओं को उत्तर से दक्षिण के सही क्रम में पहचानिए-

(a) अनूपगढ़-पूगलगढ़-चारणवाला-बिर्सलपुर
(b) पूगलगढ़-चारणवाला-अनूपगढ़-बिर्सलपुर
(c) अनूपगढ़-पूगलगढ़-बिर्सलपुर-चारणवाला
(d) अनूपगढ़-बिर्सलपुर-पूगलगढ़-चारणवाला

JEN Mechanical Degree (Tsp Area)16.10.2016

Ans. (c) इंदिरा गांधी नहर की शाखाओं का उत्तर से दक्षिण का सही क्रम निम्न प्रकार है- अनूपगढ़-पूगलगढ़-बिर्सलपुर-चारणवाला।

883. इन्दिरा गाँधी नहर की जयनारायण व्यास लिफ्ट से राजस्थान के कौन से जिले लाभान्वित है?

(a) जोधपुर एवं बीकानेर
(b) बीकानेर एवं नागौर
(c) जोधपुर एवं जैसलमेर
(d) बीकानेर एवं जैसलमेर

JEN Civil Diploma 21.08.2016

Ans. (c) इंदिरा गाँधी नहर की जय नारायण व्यास लिफ्ट नहर से राजस्थान के जोधपुर एवं जैसलमेर जनपद लाभान्वित होते हैं।
→ जयनारायण व्यास लिफ्ट (इंदिरा गाँधी नहर) के पानी का प्रयोग कृषि सिंचाई एवं पीने के पानी दोनों के लिए किया जाता है।

884. इन्दिरा गाँधी नहर परियोजना में लिफ्ट नहरों की संख्या है–

(a) 8 (b) 7
(c) 6 (d) 5

उत्तर - (b)

RPSC RAS/RTS 1996
RPSC RAS/RTS 1996-2000

व्याख्या—इन्दिरा गाँधी नहर के बाईं ओर रेगिस्तानी क्षेत्र ऊँचाई पर स्थित हैं, इसीलिए मुख्य नहर से 7 लिफ्ट नहरें निकाली गयी हैं जिनकी वितरण प्रणाली 1960 किलोमीटर लम्बी है।
7 लिफ्ट नहरें निम्नवत हैं - (1) बीकानेर - लूनकसर लिफ्ट नहर, (2) गंधेली (नोहर) सहवा लिफ्ट नहर, (3) गजनेर लिफ्ट नहर, (iv) फलौदी लिफ्ट नहर, (5) पोखरण लिफ्ट नहर (6) कोलायत लिफ्ट नहर (7) बांगडसर लिफ्ट नहर।

885. निम्नलिखित में से कौनसी लिफ्ट नहर इंदिरा गांधी नहर पर बनाई गयी पहली लिफ्ट नहर थी?

(a) पोकरण (b) फलौदी
(c) कंवरसेन (d) गजनेर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (जैविक) -2019

Ans. (c) : इंदिरा गांधी नहर पर बनाई गयी कुल लिफ्ट नहरों की संख्या वर्तमान में 7 है जिनका विवरण निम्नलिखित हैं-

नहर		लाभान्वित जिला
कंवरसेन लिफ्ट नहर (पहली लिफ्ट नहर, लूनकसर लिफ्ट नहर)		गंगानगर, बीकानेर
चौधरी कुंभाराम लिफ्ट नहर (नोहर सहवा लिफ्ट नहर)		हनुमानगढ़, बीकानेर, चुरू
पन्नालाल बारूपाल लिफ्ट नहर (गजनेर लिफ्ट नहर)		बीकानेर, नागौर
गुरू जम्भेश्वर लिफ्ट नहर (फलोदी लिफ्ट नहर)		जैसलमेर एवं जोधपुर, जोधपुर, जैसलमेर
डॉ. करणी सिंह लिफ्ट नहर (कोलायत लिफ्ट नहर)		बीकानेर, जोधपुर
जय नारायण व्यास लिफ्ट नहर (पोखरन लिफ्ट नहर)		बीकानेर
वीर तेजाजी लिफ्ट नहर (बागड़सर लिफ्ट नहर)		बीकानेर

अन्य दो नहरें -

बाबा रामदेव लिफ्ट नहर		निर्माणधीन
भेरूदान चालनी लिफ्ट नहर		प्रस्तावित